>

Title: Need to set up an airport in Sagar, Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड में सागर संभागीय मुख्यालय है । जहाँ डॉ हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी तथा विधि विज्ञान प्रयोगशाला है । सागर जिले के बीना में भारत-ओमान रिफायनरी तथा उससे जुड़े कई कारखाने स्थापित हैं । सागर संभाग के पांचों जिलों में प्रचुर मात्रा में खनिज हैं । इसके साथ ही सागर के निकट हवाई पट्टी है, परंतु सागर में हवाई अड्डा नहीं होने के कारण देश के बड़े उद्योगपति बुंदेलखंड में अपने उद्योग स्थापित नहीं कर रहे हैं । केन्द्र सरकार ने विगत दिनों देश भर में कम लागत वाले 51 नए छोटे हवाई अड्डे का निर्माण करने का निर्णय लिया है, जिसमें सागर को शामिल नहीं किया गया है । अतः अनुरोध है कि छोटे हवाई अड्डे निर्माण करने की योजना में सागर को शामिल किया जाए ।